05/04/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पूरा देश विकसित राष्ट्र बनने के लिए काम कर रहा है। पिछले दस वर्षों में केन्द्र सरकार ने आम लोगों के लिए दशकों से लंबित मूलभूत जरूरतों को पूरा किया है। श्री मोदी राजस्थान के शेखावटी क्षेत्र के चुरू में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में विकसित भारत की आधारशिला रखी जा चुकी है। आज पूरा विश्व हैरान है कि भारत इतनी तेजी से कैसे प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने इमानदारी से काम किया जिसकी वजह से राष्ट्र तेजी से तरक्की कर रहा है। पिछले दस वर्षों में किये गए काम को ट्रेलर बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में देश में और अनेक बडे काम किये जाएंगे।

0**000000000000**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनायक ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश कई जनजातियों की एक धन्य भूमि है जिन्होंने वर्षों से अपने रीति-रिवाजों और परंपराओं को बनाए रखा है। उन्होंने आज ईटानगर में मोपिन महोत्सव समारोह में भाग लेते हुए कहा, कि वे उत्साहपूर्वक अपनी स्वदेशी सांस्कृतिक विरासतों को संरक्षित कर रहे हैं। उत्सव के अवसर पर गालो समुदाय को बधाई देने के अलावा, राज्यपाल ने बेहतर फसल, घरेलू पशुओं के प्रसार और प्रकृति के संरक्षण के लिए मोपिन देवी, आनी पिंकू पिंते के आशीर्वाद का आह्वान करने के लिए प्रार्थना की।

राज्यपाल ने गालो समुदाय से स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे, संचार और महिलाओं तथा बालिकाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में ठोस प्रयास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया।

0000**000000000000000**

वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि केंद्र में भाजपा सरकार के साथ, अरुणाचल प्रदेश सहित पूर्वोत्तर राज्य बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी आदि के मामले में बहुत तेजी से विकास कर रहे हैं। श्री खांडू ने गुरुवार को होलोंगी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि "अब हम गांवों में अधिक विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।" भारत-चीन सीमा पर और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हमारा पूरा समर्थन करती है और हमारा मार्गदर्शन भी करती है"। उन्होंने बताया कि पार्टी का घोषणापत्र 10 अप्रैल को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जारी करेंगे, जो राज्य के दौरे पर होंगे।

0000**000000000000000**

अरुणाचल प्रदेश की दो संसदीय सीटों के लिए एक ही चरण में 19 अप्रैल को चुनाव होंगे। अरुणाचल पूर्व संसदीय क्षेत्र के लिए छह उम्मीदवार मैदान में हैं। इस सीट से भाजपा उम्मीदवार और मौजूदा सांसद तापिर गाओ का मुख्य मुकाबला भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व मंत्री बोसीराम सिरम से होगा। बीजेपी और कांग्रेस के अलावा नवगठित अरुणाचल डेमोक्रेटिक फ्रंट ने भी इस सीट पर अपना उम्मीदवार उतारा है और बाकी तीन निर्दलीय उम्मीदवार हैं।

अरुणाचल ईस्ट संसदीय क्षेत्र में तीन लाख पचहत्तर हजार तीन सौ दस मतदाता हैं, जिनमें एक लाख़ नवासी हजार सात सौ चालीस पुरुष है और एक लाख पच्चासीहजार पांच सौ उनहत्तर महिला मतदाता और एक ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। संसदीय क्षेत्र में सत्ताईस विधानसभा क्षेत्र और नौ सौ बीस मतदान केंद्र हैं।

0000000000000000000

चुनावी राज्य अरुणाचल प्रदेश में तैनात चुनाव मशीनरी ने गुरुवार को वाहनों की जांच के दौरान एक दशमलव अड़तीस करोड़ रुपये से अधिक जब्त किए हैं। एक चुनाव अधिकारी ने कहा, "उड़न दस्तों और स्थैतिक निगरानी टीमों ने पुलिस के साथ मिलकर लोंगडिंग में कनुबारी चेक पोस्ट पर 1 करोड़ रुपये, ईटानगर राजधानी क्षेत्र में बाईस दशमलव बीस लाख रुपये और सेप्पा में वाहन जांच के दौरान सोलह दशमलव दस लाख रुपये की भारी रकम जब्त की।" इसके साथ, आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद से अब तक जब्त की गई कुल नकदी बढ़कर पांच दशमलव अड़तालिस करोड़ रुपये हो गई, जबकि शराब, ड्रग्स, कीमती धातुओं और मुफ्त वस्तुओं सहित अन्य जब्त वस्तुओं की नकदी और मौद्रिक मूल्य का संचयी आंकड़ा चौदह दशमलव पांच करोड़ रुपये है।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने गुरुवार को आदेश दिया है कि पैक शराब, थोक स्पिरिट के आयात परमिट और पैक शराब के निर्यात परमिट जारी करना चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित रहेगा।

यह कदम इस चुनाव अवधि के दौरान अंतरराज्यीय सीमाओं पर अवैध शराब के सीमा पार परिवहन के साथ-साथ अनधिकृत स्थानों पर शराब के भंडारण की कथित घटनाओं के मद्देनजर उठाया गया था। यह भी बताया गया कि मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए शराब का उपयोग किया जाता है जो चुनाव के उचित और निष्पक्ष आचरण को बिगाड़ सकता है। हालाँकि, मुख्य सचिव धर्मेंद्र के 'आदेश' में कहा गया है कि सैन्य और अर्धसैनिक इकाइयों के संबंध में शराब परमिट जारी किए जा सकते हैं।

0000000000000000000

गुरुवार को सियांग जिले के गालिंग इलाके में एक महिला जिस वाहन से यात्रा कर रही थी, वह एक विशाल चट्टान की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पासीघाट-पांगिन रोड पर हुई इस घटना में वाहन में सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि यह घटना तब हुई जब एक विशाल चट्टान पहाड़ी से नीचे गिरी और 50 वर्षीय शांति गाओ और तीन अन्य लोगों को ले जा रहे टाटा मोबाइल से टकरा गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य तीन मामूली चोटों के कारण बच गए।

0000**000000000000000**